卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 189 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦16 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन पर घमासान

### सरकार ने पेश किए तीन नए विधेयक,2029 से पहले कोटा लागू करने की तैयारी

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। संसद के विशेष सत्र में गुरुवार को केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को प्रभावी बनाने की दिशा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। इन विधेयकों में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश संशोधन विधेयक 2026 शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को अमलीजामा पहनाते हुए 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए एक-तिहाई कोटा सुनिश्चित करना है। सदन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पहले दो विधेयक पेश किए,



जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित तीसरा बिल पेश किया। श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश के तहत प्रस्तावित यह व्यवस्था महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना से जोड़ती है। सरकार की योजना है कि सीटों के पुनर्गठन और आरक्षण के निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना के आंकड़ों का उपयोग किया जाए। चूंकि ये संविधान संशोधन विधेयक हैं, इसलिए इन्हें पारित कराने के लिए सदन में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर सैद्धांतिक सहमति के बावजूद, इसे परिसीमन से जोड़ने के सरकारी फॉर्मूले ने विपक्ष को लामबंद कर दिया है। वर्तमान में लोकसभा की प्रभावी संख्या 541 के आधार पर बहुमत के लिए 360 मतों की आवश्यकता है, जबकि सत्ताधारी एनडीए के पास 293 सदस्य हैं, जो बहुमत से 67 कम है। वहीं राज्यसभा में भी एनडीए जादुई आंकड़े 163 से 21 सीटें पीछे है। विपक्ष का तर्क है कि परिसीमन को आधार बनाकर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करना केवल सत्ता पक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## आंख के ऑपरेशन के बाद श्रमिक की मौत,परिजनों ने अस्पताल में काटा हंगामा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में आंख के ऑपरेशन के बाद रामनगर निवासी एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी है। परिजनों ने दोषी चिकित्सक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और मृतक के आठ बच्चों के भविष्य के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम जरसा गांजा, चिल्किया (रामनगर) निवासी राजेश ने बताया कि उनके भाई राजपाल (मृतक) की आंख में बीते 28 मार्च को पत्थर तोड़ते समय कंकरी लग गई थी। परेशानी बढ़ने पर परिजनों ने उन्हें हल्द्वानी स्थित एक आई हॉस्पिटल में दिखाया। जहां चिकित्सक ने आंख खराब होने का डर दिखाकर सर्जरी की सलाह दी। डॉक्टर की परामर्श पर राजपाल की पहली सर्जरी कराई गई, जिसके बाद दवाएं और नियमित जांच का सिलसिला चलता रहा।परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने दोबारा ऑपरेशन की बात कही और 15 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे राजपाल को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। रात लगभग 9:40 बजे तक ऑपरेशन चला, जिसके बाद डॉक्टर ने मरीज का ब्लड प्रेशर हाई होने की (शेष पृष्ठ सात पर)

## गेहूं काट रही किशोरी पर गुलदार ने किया हमला,गंभीर

चंपावत (उद संवाददाता)।जनपद चंपावत के बाराकोट ब्लॉक अंतर्गत मऊ (चौमेल) क्षेत्र में गुलदार के आतंक से हड़कंप मच गया है। बुधवार शाम खेत में गेहूं काटने गई एक 17 वर्षीय किशोरी पर गुलदार ने अचानक जानलेवा हमला कर



उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायल किशोरी का हाल जाना और वन विभाग को तत्काल पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं।जानकारी के अनुसार, मऊ (चौमेल) निवासी कल्याण सिंह अधिकारी की 17 वर्षीय पुत्री ज्योति अधिकारी, जो कि कक्षा 12 की छात्रा है, बुधवार शाम अपने घर के पास स्थित खेत में गेहूं काट रही थी। इसी दौरान झाड़ियों में घात लगाकर बैठे (शेष पृष्ठ सात पर)

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। लोक भवन परिसर में निर्मित किए जाने वाले इन भवनों में विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। प्रथम भवन में एक समेकित डिस्पेंसरी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा कक्ष शामिल होंगे। वहीं दूसरे भवन में सूचना परिसर एवं कैफेटेरिया, तृतीय भवन में लोक निर्माण विभाग कार्यालय एवं चतुर्थ भवन में उद्यान विभाग कार्यालय का निर्माण किया जाना है। इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर





राज्यपाल ने कहा कि इन नवीन भवनों के निर्माण से लोक भवन परिसर में विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि आमजन को भी बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्राप्त होंगी। समेकित सुविधाओं के माध्यम से समय एवं संसाधनों की बचत होगी तथा कार्यों में दक्षता आएगी। राज्यपाल ने कहा कि इस परियोजना में आधुनिक तकनीक के साथ-साथ प्रदेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैस के लिए फिर हंगामा,धरने पर बैठे ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इण्डेन गैस एजेंसी में लोगों को सिलेंडर हासिल करने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार को भी सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेकर एजेंसी में लाईन में लगे रहे। जहां उन्होंने जमकर हंगामा काटा। घरेलू गैस उपभोक्ताओं को पिछले कई दिनों से ऑन लाईन बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर न मिलने के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इण्डेन गैस एजेंसी कार्यालय में धरना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि एजेंसी प्रबंधक व ठेकेदार की मिलीभगत से रोस्टर के अनुसार सिलेंडर वितरित न कर मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा



कि उपभोक्ता जिनमें भारी संख्या में महिलायें भी शामिल हैं अपना सारा घरेलू काम व बच्चों को छोड़कर सिलेंडर के लिए भटक रही है। जो दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने एजेंसी प्रबंधक को साफ लहजे में कहा कि जब तक गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था सही नहीं की जायेगी वह यहां से नहीं उठेंगे। एजेंसी प्रबंधक ने कहा कि यदि कोई रिक्शे वाला अपने रूट से हटकर दूसरे रूट पर गया है तो इसकी जांच कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि दूसरे शनिवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाम बदलकर बिरयानी बेचने पर हंगामा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। त्रिशूल चौक पर ऑन लाइन बिरयानी की डिलीवरी करने वाला युवक नाम बदलकर दुकान चलाता पाया गया। इसकी भनक लगते ही हिंदू संगठनों के कई लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया। आरोपी युवक से हाथापाई होने पर मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी वहां पर आ गए और उन्होंने मामले की विस्तार से जानकारी ली। जिसके बाद आरोपी युवक को अपनी हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक युवक ने बिरयानीं की डिलीवरी के नाम पर दुकान का गलत नाम फूड



डिलीवरी कंपनी ऐप में डालने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।रवि चन्द्रा निवासी भदईपुरा ने कहा है कि उसने ऐप पर सौरभ बिरयानी की दुकान से चिकन बिरयानी ऑर्डर किया था। इसकी रेस्टोरेंट की लोकेशन त्रिशूल चौक दिखा रहा था। उसने बताया कि त्रिशूल चौक पर ऐसा कोई रेस्टोरेंट न होने पर उन्हें शक हुआ। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ त्रिशूल चौक पहुंचा। जब डिलीवरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## आईजी रिधिम अग्रवाल के एक्शन से नशे के सौदागरों में हड़कंप

### कुमायूँ पुलिस ने ड्रग माफियाओं की तोड़ी कमर, बनभूलपुरा में मेडिकल स्टोर सीज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाने के संकल्प को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में कुमायूँ पुलिस ने एक बार फिर ऐसी प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है जिसने स्पष्ट कर दिया है कि देवभूमि में नशे के अवैध कारोबारियों के लिए अब कोई स्थान शेष नहीं बचा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड 2025" के विजन को धरातल पर उतारने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र रिधिम अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में चलाया जा





रहा अभियान अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है। आईजी की इस सख्त रणनीति ने न केवल अपराधियों के भीतर खौफ पैदा किया है, बल्कि पुलिस के इस कड़े संदेश को भी साफ कर दिया है कि यदि कोई भी व्यक्ति नशा बेचने के काले कारोबार में संलिप्त पाया गया तो उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाएगा।कुमायूँ पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स और औषधि नियंत्रक विभाग की संयुक्त टीम ने बीती देर रात कोतवाली बनभूलपुरा क्षेत्र में एक बेहद सटीक और सुनियोजित ऑपरेशन को अंजाम दिया। खुफिया सूचना के आधार पर टीम ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा स्थित मेडिकल स्टोर पर अचानक धावा बोला। रात के सन्नाटे में हुई इस सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई ने नशे के सौदागरों को संभलने का मौका तक नहीं दिया और पुलिस ने स्टोर संचालक को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के भारी जखीरे के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। जांच के दौरान टीम को मेडिकल स्टोर के भीतर से (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर के बाहर खड़ी कार बनी आग का गोला,मची अफरा तफरी

रुड़की (उद संवाददाता)।हरिद्वार जिले के रुड़की में बीती देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब सत्ती मोहल्ला स्थित एक घर के बाहर खड़ी कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आस पास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर



काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के सत्ती मोहल्ला स्थित इंद्रा पार्क के पास एक खाली प्लॉट में निसान मैग्नेट कार खड़ी हुई थी। बीती देर (शेष पृष्ठ सात पर)

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतकारी कदम :धामी

## उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित







देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा राजकीय दून मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद द्वारा 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, देश की मातृ शक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक युगांतकारी कदम है। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शक्ति, साहस और समर्पण ही हमारे समाज और देश की प्रगति का आधार है।मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दूरदर्शी सोच के साथ नारी शक्ति को लोकतंत्र के सर्वोच्च मंचों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है शिव भी तभी समर्थ हैं जब वे शक्ति से युक्त हों, शक्ति के बिना कोई भी सृजन या सामर्थ्य संभव नहीं हो सकता है, इसलिए नारीशक्ति के सामर्थ्य के बिना राष्ट्र और समाज की वास्तविक उन्नति की कल्पना असंभव है। उन्होंने कहा कि आज की महिला खेत में अन्न उगाने वाली किसान भी है, तो स्टार्टअप खड़ा करने वाली एंटरप्रेन्योर भी है। वो गाँव की पंचायत में विकास की योजनाएँ बनाने वाली जनप्रतिनिधि भी है, तो देश की संसद में नीति निर्धारण करने की क्षमता रखने वाली सशक्त नेतृत्व कर्ता भी है।उन्होंने कहा कि आज तक हमारे देश की आधी आबादी को वो सम्मान नहीं मिल पाया है, जिसकी वो वास्तव में हकदार है। परन्तु अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को सम्मान और अधिकार दिलाने की दिशा में एक नए युग का शुभारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में शपथ लेने के बाद "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "सुकन्या समृद्धि योजना", "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना", "प्रधानमंत्री जन-धन योजना", "मातृत्व वंदना योजना", "स्वच्छ भारत मिशन" और "लखपति दीदी योजना" जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति का सम्मान सुनिश्चित करने का काम किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य में शिक्षा, रोजगार उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, 'सशक्त बहना उत्सव योजना' और 'मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना' के माध्यम से राज्य की मातृशक्ति को नए अवसर और शक्ति प्रदान करने का काम भी किया है। राज्य सरकार ''मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना" के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में विकसित करने पर भी ध्यान दिया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि "वोकल फॉर लोकल" और "लोकल टू ग्लोबल" की पहल के अंतर्गत, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से "हाउस ऑफ हिमालयाज'' नाम से अम्ब्रेला ब्रांड की शुरुआत की गई है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की 2 लाख 65 हजार से अधिक लखपति दीदियों की सालाना आय एक लाख से अधिक हो चुकी। प्रदेश सरकार ने जहां एक और महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया वहीं, महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए "समान नागरिक संहिता" लागू की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र प्रस्तावित है। कई दशकों से लंबित महिला आरक्षण का सपना अब साकार होने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली मातृशक्ति को सम्मानित भी किया।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं बल्कि भारत के भविष्य को दिशा देने वाला परिवर्तनकारी प्रयास है। महिलाओं को संसद एवं विधानसभाओं में आरक्षण की व्यवस्था से महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ेगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार मिलेगा। अब महिलाएं भी हर बड़े फसलों में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से महिलाओं का सम्मान, अधिकार और विश्वास में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा महिला नेतृत्व को प्राथमिकता दी है और उनका सशक्तिकरण किया है। उन्होंने कहा महिलाओं की यात्रा केवल अधिकारों की नहीं अपितु आत्म सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी तय करने की भी है।महिला सशक्तिकरण बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि इस कानून की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यह महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं देता, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया का केंद्र बनाता है। अब महिलाएं स्वयं नीतियां बनाएंगी, अपने अनुभवों के आधार पर समाज को दिशा देंगी। यही वास्तविक सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि पिछली पीढ़ियों की महिलाओं को अपने अधिकारों की आवाज उठाने के लिए अक्सर पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्हें अवसर सीमित मिले, मंच सीमित मिले, और निर्णय लेने के अधिकार भी सीमित रहे। लेकिन आज की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। कार्यक्रम में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, पद्मश्री श्रीमती माधुरी बर्थवाल, भाजपा नेत्री सुश्री दीप्ति रावत, रूचि भट्ट सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# ग्रीन वर्ल्ड स्कूल के मेधावियों ने बढ़ाया मान

## लक्ष्य बिष्ट ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप


शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। मेधावियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर है।कक्षा 10 के प्रतिभाशाली छात्र लक्ष्य बिष्ट ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रूपम रॉय ने 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा। वहीं ऋषिका ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की इस गौरवशाली सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला।विद्यालय के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के अटूट समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का यह परिणाम क्षेत्र में शिक्षा के बढ़ते स्तर और विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# हर मंडी में खोले जायेंगे रिटेलर काउंटर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मण्डी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू एवं विपणन बोर्ड द्वारा अधिकारियों एवं मंडी सचिवों के साथ मंडी निदेशालय में बैठक की गई। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड के आमजनमानस को फल, सब्जी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा महंगाई से राहत देने के संदर्भ में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मण्डी समिति में 05-05 बड़े रिटेलर काउंटर खोले जायेंगे। इन काउंटरों के माध्यम से जनता को सस्ते एवं उचित मूल्य पर फल, सब्जी एवं दैनिक आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी जायेंगी।अध्यक्ष ने सभी मंडी सचिवों को सख्त निर्देश दिये कि प्रत्येक मंडी में तीन सदस्यीय सचल दल का गठन किया जाए। यह दल प्रतिदिन बाजार का भ्रमण करेगा और फल तथा सब्जियों की दैनिक खुदरा दरों का आंकलन कर बोर्ड मुख्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध करायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि समिति के अधीन आने वाले क्षेत्र के प्रत्येक खुदरा व्यापारी को लाइसेंस जारी किया जायेगा। सचल दल यह सुनिश्चित करेगा कि कहीं भी आम उपभोक्ता को महंगाई की मार न पड़े और उन्हें सस्ती दरों पर सामग्री उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को कम दरों पर सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आम जनता के हित में दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि चारधाम यात्रा सीजन एवं पर्यटन सीजन के दौरान यदि कहीं भी आम जनता या पर्यटकों को महंगी सामग्री बेचता हुआ कोई पाया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में सचिव हेमन्त वर्मा, निर्मला बिष्ट, वित्त नियंत्रक जुबक मोहन सक्सेना आदि मौजूद थे, जबकि सभी मंडी सचिव वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# ब्लूमिंग डेल्स की सिमरन ने किया स्कूल टॉप



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल के छात्र छात्राओं ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें मेधावियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की छात्रा सिमरन सिंह ने सर्वाधिक 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र रुद्र साहनी ने 96.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय और लवप्रीत कौर ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा हर्षित बदलीवाल ने 91.6 प्रतिशत, पलकप्रीत कौर ने 91.4 प्रतिशत व सिया सिंह ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। व्यक्तिगत विषयों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो सिमरन सिंह ने सामाजिक विज्ञान में शत प्रतिशत यानी 100 अंक प्राप्त किए और अंग्रेजी में 99 अंक हासिल किए। वहीं रुद्र साहनी ने भी अंग्रेजी विषय में 99 अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र गिरधर, मैनेजर नीलम धंजू, डायरेक्टर विजय गिरधर, प्रधानाचार्य पंकज लोहनी और उप प्रधानाचार्या मृदुला गिरधर ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने अमित अग्रवाल, जसविंदर कौर, गीता आनंद, ललित विश्नोई एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ सभी सफल छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। मेधावियों की इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# सीबीएसई परीक्षा में एमेनिटी स्कूल का दबदबा कायम



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय के कुल 68 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ परिणाम मो. अंसार ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। इसके अलावा सोमेश कुमार ने 99 प्रतिशत, सिद्धांत इशपुजानी और केदारनाथ ग्रोवर ने 98.6 प्रतिशत, जबकि भावलीन कौर, कात्यायनी वर्मा और दर्शिल यादव ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। छात्रों ने लंबे समय तक निरंतर अध्ययन, अभ्यास और धैर्य के साथ इस मुकाम को हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस अवसर पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी गई। विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वेआगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

**हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रम प्रकरण**

## प्रशासन ने दिखाया डंडा,आवास योजना के फर्जी दावेदार वापिस लेने लगे आवेदन

हल्द्वानी। हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण क्षेत्र में रहने वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगाए गए कैंप में बड़ी संख्या में आवेदन सामने आए थे, लेकिन अब जांच के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं दरअसल, बनभूलपुरा इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना के कैंप के दौरान करीब 7000 आवेदन प्राप्त हुए थे। बताया जाता है कि




इसमें जमीयत उलेमा ए हिंद के कार्यकर्ताओं ने आकर आवेदकों के फार्म जमा करवाए। जबकि सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के हिसाब से करीब 5000 आवेदन ही आने चाहिए थे। नगर आयुक्त परितोष वर्मा के अनुसार, जब इन आवेदनों की स्क्रूटनी की गई तो सामने आया कि कई आवेदकों के पास पहले से ही मकान मौजूद है जांच के दौरान गड़बड़ी उजागर होने के बाद अब कार्रवाई के डर से लोग खुद ही अपने आवेदन वापस लेने लगे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि आवेदकों द्वारा पहले शपथ पत्र भी दिया गया था लेकिन अब कई लोग स्वयं सामने आकर यह स्वीकार कर रहे हैं कि वे पहले ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले चुके हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि जो भी लोग गलत तरीके से आवेदन किए हैं वे खुद आगे आकर अपने फॉर्म निरस्त करवा सकते हैं जो पात्र हैं उनके आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है फिलहाल नगर निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि केवल पात्र लाभार्थियों को ही योजना का लाभ मिलेगा जबकि गलत तरीके से आवेदन करने वालों पर प्रशासन ने अपना कानून का डंडा भी दिखाया है। नगर आयुक्त श्री वर्मा ने बताया कि गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कारवाई इसलिए कर सकता है क्योंकि झूठे दावे करने से समय बर्बाद होता है और प्रशासन को भी सत्यापन करने में समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की अगली तारीख से पहले सभी दावेदारों की स्कूटनी का काम पूरा करवा लिया जाएगा।

## रेनबो स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

**सागर रस्तोगी ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप**

रूद्रपुर। सीबीएसई की 10वीं कक्षा का रेनबो पब्लिक स्कूल आदर्श कालोनी का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र सागर रस्तोगी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अदिति सक्सेना ने मलिक ने 92 प्रतिशत, तनिष्क एवं नमन जोशी ने 91.6 प्रतिशत, सचिन यादव, क्रिशन गुप्ता एवं वर्षिता ने 91.4 प्रतिशत, सुमाईला ने 90.2 प्रतिशत तथा कार्तिक कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर योग्यता सूची में स्थान बनाया।विषयवार सम्भव सिंह ने सर्वाधिक 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि विज्ञान विषय में सागर रस्तोगी ने सर्वाधिक 97 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने परीक्षाफल पर हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यापकों,



98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और सम्भव सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसके अलावा अहम गंगवार ने 97.2 प्रतिशत, उज्जवल मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत, यामिनी भट्ट ने 96.4 प्रतिशत, मयंक सिंह ने 95.4 प्रतिशत, गुजन ग्रोवर एवं समर्थ ने 94.2 प्रतिशत, अरनव सिंह एवं दिव्यांशी तिवारी ने 93.6 प्रतिशत, श्रेया गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत, पृथ्वी सिंह ने 92.8 प्रतिशत, वैदेही सिंह ने 92.2 प्रतिशत, वंशिका प्रदर्शन में सामाजिक विज्ञान में सागर रस्तोगी एवं गुजन ग्रोवर ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में अहम गंगवार, सागर रस्तोगी एवं अदिति सक्सेना ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। गणित में सागर रस्तोगी ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में सम्भव सिंह, यामिनी भट्ट, अहम गंगवार, अदिति सक्सेना एवं अरनव सिंह ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए। हिन्दी में अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबन्धक संजीव कुमार एवं प्रबन्धन समिति की सदस्या गीतांजलि ने भी खुशी जाहिर करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप प्रधानाचार्य स्मिता पाठक ने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया। वहीं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## ऑक्सफोर्ड के शौर्य ने हिंदी में हासिल किए शत-प्रतिशत अंक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले संस्थान दा ऑक्सफोर्ड अकादमी में कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कनिष्का बढ़ई ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावियों में केतन अरोरा ने 94 प्रतिशत, साक्षी बिष्ट ने 91 प्रतिशत, फैसल अंसारी किया है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानाचार्य के.एस. नेगी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्योंख्र



हर्षोल्लास का वातावरण छा गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अकादमी के छात्र- छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत कामयाबी हासिल की और सफलता का परचम लहराया। मेधावियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल है और सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर कामयाबी की खुशी साफ झलक रही थी।विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो शौर्य वत्स ने सर्वाधिक 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में अदिति गैरौला ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और व शुभम बढ़ई ने संयुक्त रूप से 89.4 प्रतिशत, आरिश खान ने 88.4 प्रतिशत तथा सुकरान्त मिस्त्री ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो शौर्य वत्स ने हिंदी में शत-प्रतिशत (100) अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साथ ही उन्होंने सामाजिक विज्ञान व आईटी में 99-99, अंग्रेजी व विज्ञान में 97-97 और गणित में 95 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 23 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच और 13 विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित प्रबंधक रोहताश बत्रा, चेयरमैन वैभव बत्रा, अमित जिंदल, श्रीमती स्नेहा मिड्ढा एवं श्रीमती प्रीती पपनेजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। अभिभावकों ने भी विद्यालय की उच्च स्तरीय शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए खुशी व्यक्त की।

## नदारद अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

देहरादून (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक कल्याण भवन सभागार मैं अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम की अध्यक्षता में हुई आयोग की जन सुनवाई अदालत में कुल 39 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए 20 शिकायतों का निस्तारण किया। सुनवाई के दौरान जनपद देहरादून सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। कई प्रकरणों में पुलिस विभाग एवं अन्य अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे अधिकारियों के विरुद्ध आयोग द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश



दिए गए। यह कार्रवाई प्रशासनिक जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फरजाना बेगम ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल, संवेदनशील एवं जनहितैषी नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम है। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार निरंतर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है और शासन -प्रशासन को अधिक उत्तरदायी एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में सतत प्रयासरत है। फरजाना बेगम ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार मैं आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत मिल रही है तथा धामी सरकार के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो रहा है।

## बैसाखी और प्रकाश पर्व पर जरूरतमंदों को बांटा राशन और वस्त्र

गदरपुर (उद संवाददाता)। बैसाखी पर्व एवं गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की कड़ी में सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई एवं सिख प्रचारक सभा द्वारा जरूरतमंद परिवारों को राशन और वस्त्रों का लंगर प्रदान किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह, पांच प्यारों के जत्थेदार भाई दर्शन सिंह एवं समाजसेवी परमिंदर सिंह बत्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।जोगिंदर सिंह ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए सभी को खालसा साजना दिवस और प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा हर माह सर्वे



कर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को चिन्हित किया जाता है और उन्हें सहायता प्रदान की जाती है। इस बार की सेवा बाबा भगवंत भजन सिंह निर्मल तखत बाबा बुड्ढा जी अमृतसर, हरविंदर सिंह ग्रोवर और जगजीत सिंह खालसा के परिवार द्वारा उपलब्ध कराई गई। आयोजन के दौरान दिव्यांग, विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर 25 परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही सिख मिशनरी कॉलेज की गदरपुर इकाई द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण शिविर की बालिकाओं द्वारा सिले गए सूटों का भी वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में सुरेंद्र सिंह ग्रोवर, भूपेंद्र कौर, अमनदीप कौर, नवनीत कौर, हरतेग कौर, सुखविंदर कौर, गुरविंदर कौर, मनजीत सिंह, हरभजन कौर, भूर्पेद्र कौर, परवीन, रुचि, रामप्यारी, रीना, अनीता कौर, राजमाला, राधिका, ममता, प्रभा सरकार, रफीकन, गुलफ्शां, क्रांति देवी, प्रीति, रानी कौर, हिना, पूजा, राखी, कशिश, सुनीता, सोनी, माया, छवि, जोया, नीलम, सुभि, सरोज उपस्थित रहे।



# मास्टर प्लान के जरिए सियासी दंगल को फतेह करने की तैयारी!

## भाजपा का होगा समूल सफाया, कांग्रेस लहराएगी परचम: अनुपम शर्मा



काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों को फतेह करने के लिए उनके पास एक ऐसा मास्टर प्लान है जिसे धरातल पर मूर्त रूप देने के बाद विरोधियों को बड़ी ही आसानी से पस्त किया जा सकता है। उन्होंने इस मामले में पत्ते तो नहीं खोले लेकिन संकेत दिया कि इस पर काम तेजी से चल रहा है। बीते दिवस अपराहन मानपुर रोड स्थित अपने आवास पर वह प्रतिनिधि से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नफरत भरी सोच के तहत देश के संविधान को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भाजपा 'फूट डालो और राज करो' की तर्ज पर काम कर रही है। कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई चरम पर है। पहाड़ों से पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेरोजगारी दर में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है। सरकारी संपत्तियों का निजीकरण किया जा रहा है। निजीकरण से नौकरियों के अवसर कम हो रहे हैं आरक्षण के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं और आम जनता को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिक कीमत चुकाने को विवश होना पड़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुपम शर्मा ने प्रदेश की आवाम से धैर्य रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय और परिस्थितियों निरंतर परिवर्तनशील है। कहा कि कष्ट के यह दिन भी जल्द ही लद जायेंगे। अत्याचार अनाचार झूठ छल फरेब तो रावण का नहीं रहा तो बीजेपी किस खेत की मूली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा की दोगली नीति को यदि समय रहते आम जनता ने नहीं समझा तो भविष्य में इसके परिणाम गंभीर होंगे। चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने इसे काल्पनिक बताते हुए सिरे से नकार दिया। बोले कि वह संगठन की एक सच्चे सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2027 के सियासी दंगल में शीर्ष नेतृत्व जिस पर भी विश्वास जताएगा उसे सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तन्मयता के साथ एकजुट होकर चुनाव लड़ाएंगे। उन्होंने संगठन की गुटबाजी के सवाल पर अपना पक्ष साफ करते हुए कहा कि एक परिवार जहां होता है मनभेद स्वाभाविक है मतभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि काशीपुर कांग्रेस में वैचारिक रूप से सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट है कोई गुटबाजी नहीं है।

### नहीं मिला जिले का दर्जा, ज्वलंत समस्याएं भी जस की तस

काशीपुर। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा ने देश व प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि काशीपुर को जिला बनाने की मांग लगभग 50 वर्ष पुरानी है। भाजपा की देश व प्रदेश में सरकार होने के बावजूद पौराणिक मांग को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने इसे जनता की अपेक्षाओं पर सीधा कुठाराघात बताया। उन्होंने कहा की ज्वलंत समस्याओं (जलभराव) आदि को चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा हर बार वादा खिलाफी करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की असलियत को जनता बाखूबी जान चुकी है। 2027 के चुनाव में उसे इसके परिणाम साफ तौर पर देखने को मिलेंगे। अंत में उन्होंने कहा किउत्तराखंड राज्य में जो भी डेवलपमेंट आज देखा जा रहा है वह सब कांग्रेस की देन है।

# एस.एस. पब्लिक स्कूल में नवनीत सिंह ने किया टॉप

गदरपुर । सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षाफल में एस.एस. पब्लिक स्कूल, गदरपुर के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आरना खेड़ा ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा अवनीत मेधावियों की इस सफलता ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक बार फिर सिद्ध किया है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डी. उन्हें बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें



विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिससे पूरे विद्यालय परिसर और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।कक्षा दसवीं में नवनीत सिंह विधूड़ी ने 95.4 कौर ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, मानसी चौधरी ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान एवं डिक्कू विदूरी ने 91.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। पी. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के शत प्रतिशत परिणाम के लिए समस्त शिक्षकों की मेहनत को भी सराहा और भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है और सभी ने विद्यार्थियों के आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।

# बिंदुखत्ता में विद्यार्थियों को खेल सामग्री वितरित

लालकुआं (उद संवाददाता)। सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती द्वारा जनता इंटर कॉलेज, बिंदुखत्ता में विद्यार्थियों को खेल सामग्री वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन आदि की खेल सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर लक्ष्मण खाती ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना,



नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया, कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरीश दानू, विद्यालय अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, प्रबंधक सुंदर सिंह खनका एवं खिलाफ सिंह दानू सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# स्मैक तस्करी में वांछित महिला गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से फरार चल रही शातिर महिला तस्कर साईन को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला अपने पति के साथ मिलकर स्मैक तस्करी का अवैध धंधा संचालित करती थी।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जनवरी 2026 को एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट रुद्रपुर और गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने करतारपुर रोड तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक नाबालिग को स्कूटी सहित रोका था। तलाशी लेने पर स्कूटी की डिग्गी से करीब 112 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। पूछताछ में नाबालिग ने खुलासा किया था कि यह स्मैक उसकी मां साईन और पिता शाकिर अली उर्फ नक्टा ने उसे दी थी। इस मामले में गदरपुर कोतवाली में धारा 8/21/60/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा की जा रही है।फरार चल रही महिला की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने 15 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर साईन को रुद्रपुर के भूतबंगला क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर के पास से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार साईन एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि उसके पति शाकिर उर्फ नक्टा को पुलिस ने बीते 27 मार्च को मुठभेड़ के बाद अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार, रघुवर सिंह, विजय लक्ष्मी एवं गायत्री कार्की शामिल रहे।



# गुंजन शर्मा बनी नालंदा स्कूल की टॉपर

किच्छा (उद संवाददाता)।शत प्रतिशत परिणाम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।इस वर्ष की परीक्षा में गुंजन शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सहजनीत कौर और मुजीब अहमद खान ने समान रूप से 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त



किया। इसके अतिरिक्त योगेश दत्त ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया, जबकि मनप्रीत कौर ने 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है।विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी छात्र इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर संस्थान का गौरव बढ़ाते रहेंगे। मेधावियों ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया है बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।






# मोनाड स्कूल में अक्षत श्रीवास्तव ने लहराया परचम

गदरपुर (उद संवाददाता)।मोनाड पब्लिक स्कूल, गदरपुर के लिए शैक्षणिक सत्र 2025ख्र2026 की बोर्ड परीक्षा खुशियां लेकर आई है। कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। छात्र छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इनमें अक्षत श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं रूहानी अरोड़ा एवं हरकीरत कौर ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। इसके अलावा फाजिला फारूकी ने 91.2 प्रतिशत, मोहम्मद अर्श, युवराज गुप्ता एवं तनवी तोमर ने 91-91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंशिका बंसल ने 90.2 प्रतिशत एवं अनमोल सिंह ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह शानदार सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सुखद परिणाम है। विद्यालय में इस समय खुशी का माहौल व्याप्त है और सभी शिक्षकों ने मेधावियों के आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।



# कोलम्बस स्कूल के मेधवियों का शानदार प्रदर्शन

## दिव्यांशु मेहरा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में किया टॉप

रूद्रपुर। मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान कोलम्बस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ न केवल अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की, बल्कि विद्यालय के गौरवशाली इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ दिया है। इस वर्ष के परिणामों में मेधावी छात्र दिव्यांशु मेहरा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, पलक सैनी ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय और तपस्या सिरोही ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने परीक्षा परिणामों का विवरण साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने विषयवार उत्कृष्टता के मामले में सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। आईटी



जैसे तकनीकी विषय में दिव्यांशु मेहरा, वृन्दा खेड़ा और वैनवी नेगी ने शत-प्रतिशत (100) अंक प्राप्त कर अपनी पकड़ साबित की। इसी प्रकार अंग्रेजी विषय में भी वृन्दा खेड़ा और राजनंदिनी चौहान ने 100 अंक हासिल कर विषयवार श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में क्रमशः दिव्यांशु मेहरा और तपस्या सिरोही ने 99-99 अंक प्राप्त किए। गणित में दिव्यांशु मेहरा ने 97 और हिन्दी में राजनंदिनी चौहान ने 98 अंक प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल 293 विषयों में विषयवार डिस्टिंक्शन प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक अभूतपूर्व मील का पत्थर स्थापित किया है।विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को अपना शुभाशीष प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के धैर्य और कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने भी मेधावियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के अटूट समर्पण, शिक्षकों के अथक मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर विश्वास का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहाँ के छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार की शैक्षणिक ऊंचाइयों को छूते रहेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और अपने लक्ष्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा दी। मेधावियों की इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और अभिभावकों में उल्लास एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है।

# गेहूं खरीद केंद्र जल्द नहीं खुले तो होगा जनआंदोलन: कापड़ी

खटीमा (उद संवाददाता)।विधायक भुवन कापड़ी ने सरकार और प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि किसानों की फसल कटे हुए लंबा समय बीत जाने के



बावजूद अभी तक गेहूं क्रय केंद्र सुचारू रूप से संचालित नहीं किए गए हैं। कापड़ी ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन पूरी तरह लापरवाह और अन्नदाताओं की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील बना हुआ है।विधायक ने इसे केवल लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के साथ खुला अन्याय और अत्याचार करार दिया। उन्होंने कहा कि एक किसान अपनी फसल उगाने में दिन रात पसीना बहाता है, कर्ज उठाता है और हर जोखिम झेलता है, लेकिन जब उसकी मेहनत का फल बेचने का समय आता है तो सरकार उसे दर-दर भटकने पर मजबूर कर देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार किसानों की हितैषी होने का केवल दिखावा करती है, जबकि हकीकत में किसान आज अपनी ही फसल बेचने के लिए संघर्ष कर रहा है।भुवन कापड़ी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सभी गेहूं क्रय केंद्र पूर्ण रूप से चालू नहीं किए गए तो वह जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने दोटूक कहा कि यदि ऐसी स्थिति बनती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# सुरक्षित मातृत्व के लिए घर-घर दी जा रही दस्तक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सचिव स्वास्थ्य द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद ऊधम सिंह नगर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से सीधा संपर्क कर बैठकों के माध्यम से अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दे रही हैं।अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं को होम डिलीवरी (घर पर प्रसव) के संभावित खतरों के प्रति सचेत कर रहे हैं। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही महिलाओं को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही नि:शुल्क



स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न लाभार्थी योजनाओं के विषय में भी विस्तार से बताया जा रहा है।इस मुहिम के दौरान प्रसव से पूर्व श्बर्थ प्लानश बनाने के विषय में भी आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। इसमें प्रसव के समय आवश्यक तैयारियां, आपात स्थिति में अस्पताल जाने की व्यवस्था और बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के के अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियानों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना और हर गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को पूरी तरह समाप्त करना है, जिसके लिए स्वास्थ्य टीमें निरंतर धरातल पर कार्य कर रही हैं। अभियान के माध्यम से महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित खान-पान और नियमित जांच के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

# निरीक्षण में दो अल्ट्रासाउंड मशीन सील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में रुद्रपुर ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग की पीसी पीएनडीटी टीम ने एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षण दल का नेतृत्व नोडल अधिकारी पीसी पीएनडीटी डॉ. एस. पी. सिंह ने किया। टीम में तहसीलदार प्रतिनिधि संजय कुमार वर्मा (कानूनगो), जिला चिकित्सालय से डॉ. नम्रता त्रिपाठी, पीसी पीएनडीटी जिला समन्वयक प्रदीप महर और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य शामिल रहे। टीम ने क्षेत्र के 10 प्रमुख अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षित केंद्रों में अरोरा हार्ट केयर सेंटर, पंत चिकित्सालय, एच.बी. हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल, राजकीय पशु



चिकित्सालय, अमृत हॉस्पिटल, प्रतिमा अल्ट्रासाउंड सेंटर, आहन अल्ट्रासाउंड सेंटर, कृष्णा हॉस्पिटल व शुभम हॉस्पिटल शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने पंत हॉस्पिटल की 01 खराब पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और राजकीय पशु चिकित्सालय में खराब पड़ी 01 पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन को सील किया। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाना और श्पीसी पीएनडीटी एक्टश के प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान टीम ने फॉर्म-एफ का रख-रखाव, अभिलेखों का मिलान और अनिवार्य सूचनाओं/डिस्प्ले की जांच की।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से जल रही किसानों की फसल: गणेश

किच्छा।पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी गणेश उपाध्याय ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि



विभाग की अनदेखी के कारण गेहूं की फसल में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उपाध्याय ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के खिलाफ यथाशीघ्र रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए।गणेश उपाध्याय ने कहा कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। खेतों के ऊपर से गुजर रहे झूलते हुए तारों में होने वाली स्पार्किंग की वजह से तैयार खड़ी फसल जलकर राख हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब तक किसान प्राकृतिक चुनौतियों के साथ साथ विभागीय लापरवाही की मार झेलता रहेगा। उन्होंने सरकार से पुरजोर मांग की है कि प्रभावित किसानों को उनकी फसल के नुकसान के बदले कम से कम 40000 रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए।उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि उत्तराखंड सरकार ने इस विषय पर जल्द ही उचित फैसला नहीं लिया, तो किसान एकजुट होकर विभाग और सरकार के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे।

# होली चाइल्ड स्कूल की मेघा गंगवार ने किया टॉप

## सीबीएसई दसवीं की परीक्षा का शानदार रहा परिणाम, दो छात्रों ने हिंदी व आईटी में प्राप्त किए शत-प्रतिशत अंक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल ने वर्ष 2026 के कक्षा दसवीं के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट उपलब्धि की परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा, जिसमें मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। मेधावियों की इस सफलता से विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में भारी उत्साह है।परीक्षा परिणामों के अनुसार, मेघा गंगवार ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नीतिका बिस्वाश ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और पुष्कर वशिष्ठ व सात्विक द्विवेदी ने संयुक्त रूप से 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष के



परीक्षाफल का विशेष आकर्षण दो छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी एवं इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) जैसे महत्वपूर्ण विषयों में शत-प्रतिशत यानी 100 में से 100 अंक अर्जित करना रहा, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।अन्य मेधावियों में प्रियांशु ने 94 प्रतिशत, साक्षी जोशी ने 93.8 प्रतिशत, शुएब हुसैन ने 93.4 प्रतिशत, सागर गोयल ने 92.8 प्रतिशत, कार्तिक भाटिया ने 92 प्रतिशत, अफ्फान मलिक ने 91 प्रतिशत, कृष्णा पन्त ने 90.8 प्रतिशत, हर्षदीप सिंह ने 90.6 प्रतिशत, लक्ष खुराना व सूर्य ने 90.4 प्रतिशत तथा सान्या भाटिया ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर.के. बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी श्रीमती पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व श्रीमती मंजू अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में देहरादून बना चैंपियन

रूद्रपुर। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में उधम सिंह नगर में चल रही अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर नैनीताल और देहरादून के मध्य खेला गया। जिसका उद्घाटन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष तिवारी ने किया।नैनीताल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरो में 269 रन बनाएं।जिसमें कप्तान दीक्षांशु नेगी ने 95 नाबाद, दिव्यम रावत ने 53 सौरव रावत ने 59 का योगदान अपनी टीम को दिया। देहरादून की तरफ से प्रियंक सिंह और गौरव चौधरी ने 2-2, आदित्य शेट्टी और









सिद्धार्थ ने 1-1 विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी देहरादून की टीम ने 4 विकेट ठोकर 270 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।जिसमें शिवांश गौतम ने 129 पूर्वांश ध्रुव ने 52 और कमल सिंह ने 33 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया।नैनीताल की तरफ से देव जोशी ने 3 विकेट लिए। देहरादून में नैनीताल को 6 विकेट से हराकर अंतर्जनपदीय जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का चौंपियन बनी। मैच के मैन ऑफ द मैच शिवांश गौतम रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कमल सिंह, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कमल सिंह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पृथ्वी गेडा रहे। मैच के अंपायर गणेश और सुमित ऑनलाइन स्कोरिंग अभिषेक द्वारा की गई। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत और ट्रॉफी प्रदान की। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी, क्रिकेट एसोसिएशन का अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, कमल पपने, बलवंत सिंह मोहम्मद नवाज, आफताब आलम, गौरव तिवारी, पर्व ठाकुर, पर्वजोत सिंह उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला-शक्ति का समय

यह देश की संसदीय प्रणाली में 'महापरिवर्तन' का दौर है। संसद का विशेष सत्र 16, 17, 18 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून को लागू करने और नए परिसीमन कानून को पारित करने पर विमर्श करेगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों, इस प्रावधान का बिल और कानून बीते 30 सालों से लटका पड़ा है। 1996 में देवगौड़ा सरकार के दौरान सबसे पहले महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, तो संसद अगड़ी-पिछड़ी, फैशनेबल, दलित महिलाओं के खांचों में बंट गई थी। बिल को फाड़ दिया गया था। ऐसे भय और ऐसी आशंकाएं मुलायम सिंह यादव, शरद यादव, उमा भारती, लालू यादव सरीखे संसदीय नेताओं ने व्यक्त कीं कि बालकटी, फैशनपरस्त और ऊंचे घरानों की ही महिलाएं, आरक्षण के जरिए, संसद तक पहुंचेंगी। नतीजतन बिल को लटकाया और भटकाया जाता रहा। सितंबर, 2023 में यह बिल मोदी सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' के तौर पर पारित कराया। नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी इसे लागू कर सकती थी, क्योंकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाना था। लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या 1971 की जनगणना पर आधारित थी। लंबे 55 साल के बाद परिवर्तन अनिवार्य है, क्योंकि जनसंख्या के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था भी बदल चुकी है। चूंकि यह मामला 2026 तक 'फ्रीज' रखा गया था, लिहाजा अब सरकार नया परिसीमन आयोग बना रही है और संसद से कानून पारित कराएगी। महिला आरक्षण कानून 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों पर लागू किया जा सके, लिहाजा संसद में 131वां संविधान संशोधन लाया जाएगा। संविधान संशोधन बिल पारित कराने के लिए सरकार को 362 सांसदों का समर्थन चाहिए अथवा सदन में उपस्थित सांसदों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए। विपक्ष के पाले में 233 सांसद हैं, लिहाजा सरकार के लिए चुनौती है।विपक्ष इसे भी मुद्दा बना रहा है और परिसीमन कानून पर बिल के विरोध में मत-विभाजन मांग सकता है। परिसीमन कानून तो साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है, लेकिन महिला आरक्षण संविधान संशोधन का विषय है, लिहाजा दो-तिहाई बहुमत की दरकार है। बुधवार को विपक्ष की बैठक प्रस्तावित थी। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में मतदान से सिर्फ एक सप्ताह पहले ही संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया गया और महिला आरक्षण तथा परिसीमन कानूनों पर संविधान संशोधन पारित कराने की योजना सरकार ने क्यों बनाई, विपक्ष इसी सवाल से चिपका है। कुछ विशेषज्ञ ऐसी व्याख्याएं भी कर रहे हैं कि महिला आरक्षण कानून 2039 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं हो सकता, क्योंकि 2027 की जनगणना के बाद एक और परिसीमन की आवश्यकता हो सकती है या 2029 तक परिसीमन का काम सम्पन्न नहीं हो सकता। बहरहाल राजनीति तो इस देश की हरेक धडकन में है, लेकिन यह देश के सामाजिक, राजनीतिक, लैंगिक और संसदीय परिदृश्य बदलने का समय है। जो प्रस्ताव संसद के विचाराधीन है, उसके मुताबिक, राज्यों से 815 सांसद चुन कर लोकसभा में आएंगे, जबकि संघशासित क्षेत्रों से 35 सांसद चुने जाएंगे, लिहाजा 2029 में लोकसभा में 850 सांसद दीख सकते हैं। अभी यह संख्या 543 है। आरक्षण 15 साल के लिए होगा।

# श्रीलंका में क्षितिज ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

**साउथ एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने क्षितिज**



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रीलंका के डिगाना में आयोजित हुई तीसरी साउथ एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में रुद्रपुर के क्षितिज सिंह ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर देश का परचम लहराया है। वह इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय जु-जित्सू खिलाड़ी बन गए हैं। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव व कोच ऋषि पाल भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा अधिकृत जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन व जु-जित्सू एशियन यूनियन के नेतृत्व एवं जु-जित्सू फेडरेशन लंका के सौजन्य से 10 से 12 अप्रैल 2026 तक डिगाना श्रीलंका में प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें सात देशों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए क्षितिज सिंह ने एडल्ट्स आयुवर्ग की 85 किलोग्राम भारवर्ग की फाइटिंग स्पर्धा के फाइनल में श्रीलंका के खिलाड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त टीम इवेंट डूओ शो मिक्स्ड इवेंट में हल्द्वानी की श्रीपर्णा जोशी के साथ शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक भी जीता। अपनी जीत पर क्षितिज सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि वर्षों के समर्पण का परिणाम है। सीनियर नेशनल एवं एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप के बाद इस हालिया जीत ने एक नया मानक स्थापित किया है जिससे क्षेत्र के युवा एथलीट प्रेरित होंगे। ऋषि पाल भारती ने बताया कि भारतीय टीम के हेड कोच व जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेशी विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोरा, कोच एमआर शाहिद और जवान सिंह की अगुवाई में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। उत्तराखंड के पदक विजेताओं के वापस लौटने पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। वर्तमान में क्षितिज सिंह ऋषि मार्शल आर्ट अकैडमी रुद्रपुर में रोजाना लगभग 8 घंटों का कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं और जल्द ही इसी माह भोपाल में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जु-जित्सू प्रतियोगिता में कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा, उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, जिला डीएसओ जानकी कार्की, वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, कृष्ण साना, मुकेश यादव, सतविंदर सिंह, विजेंद्र चौधरी, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सतनाम चावला, एजे बटसर, साधना बटसर, कमल सक्सेना, गुलशन कुमार, मिनकू ठाकुर, अरुण कुमार सहित अनेक अभिभावकों, खेल संघों के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

# महापौर ने की डिजिटल जनगणना में भागीदारी की अपील



रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने जनगणना 2027 के अंतर्गत अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए जनसामान्य से इस अभियान में डिजिटल माध्यम से जुड़ने का आह्वान किया है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की जा रही है, जो पारदर्शिता, सटीकता और व्यापक जनभागीदारी को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने इस पहल को डिजिटल युग में भारत का एक और मजबूत कदम बताया।महापौर ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना की जा रही है। इसके अंतर्गत आवासीय स्थिति, नागरिक सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार सरकार ने स्व-गणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया सरल और त्रुटिरहित होगी, बल्कि सरकारी मशीनरी और आम जनता के समय की भी बचत होगी।महापौर ने कहा कि जनगणना से प्राप्त डेटा राज्य और देश की भविष्य की नीतियों के निर्माण में आधारशिला का कार्य करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करें और अपने परिवार की सही जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। जनता की सहूलियत के लिए यह डिजिटल प्रक्रिया भविष्य की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# बेहड़ ने साढ़े छह लाख से बनी सड़कों का किया लोकार्पण



किच्छा (उद संवाददाता)।क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्राम सतुईया में अपनी विधायक निधि से निर्मित दो महत्वपूर्ण सड़कों का लोकार्पण किया। कुल 6.50 लाख रुपये की लागत से तैयार इन सड़कों का उद्घाटन करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। इसके अंतर्गत बलवीर के घर से मेजर सिंह के घर तक सीसी सड़क का निर्माण लगभग 4,09,000की लागत से कराया गया है। वहीं दूसरे कार्य के तहत ग्राम रामचरण के घर से राम भरोसे के घर तक सड़क का निर्माण 2,48,000 रुपये की लागत से किया गया।इस अवसर पर तिलक राज बेहड़ ने कहा कि वह क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में भी जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाता है और इससे विकास की गति तेज होती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामवासियों ने विधायक का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और अपने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए आभार जताया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गुड्डू तिवाड़ी, राजेश प्रताप सिंह, मेजर सिंह, ओम प्रकाश दुआ, डॉ. त्रिमल प्रसाद, अशोक चुघ, राजेंद्र कुमार, श्रीपाल, सुरेंद्र, महेंद्र, सुनीता कश्यप, गुरचरण सिंह, राजेन्द्र प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, दीपचंद्र, रामचरन प्रजापति, सतपाल प्रजापति, श्रीपाल शर्मा, कृपाल सिंह, मेजर सिंह, हेमन्त प्रजापति, पवन प्रजापति, अंकित कश्यप,हरप्रसाद,अंकुश प्रजापति, शिव दयाल, रामगोपाल, प्रेमवती, बसंती देवी, मुन्नी देवी, कलावती, नीरज सागर, माया सागर आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के वार्ड नंबर 15 से एक 42 वर्षीय व्यक्ति पिछले चार दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। परिजनों की तहरीर पर किच्छा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। लापता व्यक्ति की माता ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से जल्द से जल्द बेटे



की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। वार्ड नंबर 15, विकास कॉलोनी निवासी दुलारो पत्नी नौनी राम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र पातीराम (42 वर्ष) बीती 11 अप्रैल को बंडिया स्थित एक चक्की पर काम करने के लिए घर से निकला था। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार के सदस्यों ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और संभावित ठिकानों पर पातीराम की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि लापता युवक की तलाश के लिए हुलिए और फोटो के आधार पर आसपास के सभी थानों और चौकियों को सूचित कर दिया गया है।

# ओमेक्स कालोनी में श्रद्धा के साथ मना बैसाखी पर्व

**खालसा पंथ की स्थापना और जलियांवाला बाग के शहीदों को किया याद**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की पॉश ओमेक्स कालोनी में बैसाखी पर्व अत्यंत ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने बैसाखी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन संपूर्ण समाज के लिए गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1699 में आज ही के दिन तत्कालीन मुगल शासकों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए आनंदपुर साहिब में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह महाराज ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु महाराज ने राष्ट्र हित में शीश देने को तैयार पांच प्यारों भाई दया सिंह, भाई साहिब सिंह, भाई मोहकम सिंह, भाई धर्म सिंह और भाई हिम्मत सिंह को चुनकर समाज में साहस का संचार किया था।कार्यक्रम में जलियांवाला बाग के शहीदों को भी याद किया गया। सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि आज ही के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज अधिकारी जनरल डायर ने हजारों निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवाकर उन्हें शहीद कर दिया था। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह महाराज की अमर पंक्तियों 'देह शिवा वर मोहे अहे शुभ करमन से कबहुं न टरो' का स्मरण करते हुए महापुरुषों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड उच्च न्यायालय में नवनियुक्त अपर महाधिवक्ता सुनील खेड़ा ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सुनील खेड़ा को अपर महाधिवक्ता नियुक्त होने पर बधाई देते हुए उन्हें उत्तराखंड का अनमोल रत्न बताया और इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का आभार प्रकट किया।समारोह में नरेंद्र नरूला, व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश छाबड़ा, सुरेश मदान, नरेंद्र गगनेजा, प्राण ठक्कर, कमलकुमार चिलाना, अविराज छाबड़ा, गौरव मिड्ढा, इंद्रसेन खेड़ा, सुरेंद्रकुमार मिड्ढा, दिनेश सिंघल, प्रमोद मित्तल एडवोकेट, जसविंद्रसिंह छाबड़ा, कुलदीपसिंह खरबंदा, गौरव शर्मा, सोमेन्द्र अग्रवाल, सुभाष खंडेलवाल, पवन अग्रवाल समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने गुरु गोविंद सिंह महाराज और पंज प्यारों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

# हिंदीभाषा डॉट कॉम की स्पर्धा के परिणाम घोषित



इंदौर। हिंदीभाषा डॉट कॉम परिवार द्वारा आयोजित 106वीं स्पर्धा 'नारी: संघर्ष, शक्ति, समाज और सफलता' के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। हिन्दी के सम्मान में अभिवृद्धि हेतु आयोजित इस कड़े मुकाबले में गद्य वर्ग में दिल्ली के ललित गर्ग और पद्य वर्ग में मुंबई की वंदना जैन 'शिव्या' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंच परिवार की सह सम्पादक अर्चना जैन और संस्थापक सम्पादक अजय जैन 'विकल्प' ने परिणामों की विस्तृत जानकारी साझा की। निर्णायक मंडल द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर गद्य वर्ग में श्नारी शक्ति का नया युग और चुनौतियाँश आलेख हेतु ललित गर्ग को विजेता चुना गया। इसी वर्ग में जबलपुर की सरोजिनी चौधरी ने स्त्रियों की भूमिका पर पुन: शोध की आवश्यकता विषय पर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि धनबाद की नीलम प्रभा को 'अधिकार, विचार और निर्णय में दें समान अवसर हेतु तीसरा स्थान मिला है। अर्चना जैन ने बताया कि एक राष्ट्रीय कीर्तिमान और 1.56 करोड़ पाठकों का स्नेह प्राप्त करने वाले इस मंच ने पद्य वर्ग में वंदना जैन शशिव्याश की रचना 'स्त्रियाँ' को सर्वश्रेष्ठ माना है। पद्य वर्ग के अन्य परिणामों में मंडी हिमाचल प्रदेश की सरोज प्रजापति को 'नारी शक्ति, शिवा स्वरूपा' पर द्वितीय और धनबाद की ममता सिंह को 'परचम लहराए पुरजोर' कविता पर तृतीय विजेता घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर मंच की संयोजक प्रो. डॉ. सोनाली सिंह, मार्गदर्शक डॉ. एमएल गुप्ता 'आदित्य', परामर्शदाता डॉ. पुनीत द्विवेदी और विशिष्ट सहयोगी एचएस चाहिल ने सभी सफल सहभागियों और विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सालभर का परिश्रम, रिजल्ट देख खुशी से झूमे छात्र

अल्मोड़ा।सीबीएसई हाईस्कूल का बुधवार को परीक्षाफल घोषित हो चुका है। इस बार हाईस्कूल में अल्मोड़ा के बच्चों ने जिले में अपना परचम लहराया है। रिजल्ट ने विद्यार्थियों के चेहरे खिला दिए। जिले के सभी पब्लिक स्कूलों का रिजल्ट शानदार रहा। होनहारों ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक हासिल किए है। अचानक हाईस्कूल परीक्षाफल घोषित होने की सूचना मिलते ही सभी परीक्षार्थी अपने-अपने रिजल्ट जानने के लिए बेचौन हो गए। वहीं, अभिभावकों की भी धड़कने तेज हो गई। हर कोई अपने-अपने पाल्यों का परीक्षा परिणाम जानने को उत्सुक रहा। इस दौरान कई छात्रों ने स्कूल में तो कई ने मोबाइल में ही परीक्षाफल देखा। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो छात्र-छात्राएं अपनी सालभर की मेहनत का फल पाकर खुशी से झूम उठे। केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्य ने बताया कि दसवीं 43 बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। सभी उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में देवेश पालीवाल 96.5 फीसदी, सोमन सिंह 95. 67 फीसद और जनीन बिष्ट 94.16 फीसदी के साथ विद्यालय में क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। नगर स्थित होली एंजिल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत फीसद रहा। हाईस्कूल में रूद्राक्ष कनवाल ने 94. 8 फीसदी अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिमेष फर्त्याल, प्रखर जोशी ने 94.6 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि दिव्यांशी शर्मा ने 92.4 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं व



अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल की वरूनिका गुरुरानी 97.2 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया। रिधिमा वर्मा 96. 8 फीसद अंकों के साथ दूसरे गीतिका पांडे 95.8 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य सुरिना चौधरी, प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी ने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणामों शानदार अंकों पर बधाई दी। नगर के स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में निहारिका 96 फीसदी, देवांग 93 फीसदी और गायत्री 91 फीसदी ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सोहन लाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पार्वती कॉन्वेंट धौलछीना का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सौरभ नेगी सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, हितेश महरा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और 93 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल महरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद महरा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बियरशिवा स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में इस बार शिवेश साह ने 95 फीसदी अंक हासिल किए, दिव्याशु ने 94 फीसद अंकों के साथ दूसर और निकिता कनवाल ने 94 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका विल्सन ने बताया कि हाइस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।लोअर मालरोड स्थित न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल का का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। हाईस्कूल में लक्ष्य नयाल ने सर्वाधिक 91 फीसद अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया। वहीं, मयंक बिष्ट ने 90 फीसदी अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि शिवांश नगरकोटी 88 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डॉ. संजयजोशी ने अव्वल छात्र -छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर गल्ला मंडी का 18 वां स्थापना धूमधाम से प्रारम्भ हुआ। प्रात: श्री बाला जी महाराज का विधिविधान से चोला श्रृंगार किया गया। कल 17 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से श्री रामायण पाठ का शुभारम्भ किया जायेगा। जिसका समापन एवं प्रसाद वितरण 18 अप्रैल को प्रात: 10 बजे होगा। 19 अप्रैल को मंदिर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रात: 11 बजे बारात का स्वागत व दोपहर 1 बजे से भण्डारा और सभी वर वधू का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। जिसके



बाद सायं 4 बजे विदाई होगी। इस दौरान वधुओं को उपहार स्वरूप घरेलू सामान भी दिया जायेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, महामंत्री चन्द्रप्रकाश सचदेवा व कोषाध्यक्ष सौरभ गाबा, गगन बाधवा ने सभी बाबा भक्तों से उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

## कलश यात्रा के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। गुरुग्राम स्थित शिव मंदिर में दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के शुभारंभ से पूर्व बुधवार को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दिव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। प्रात:काल शिवतला शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। पारंपरिक बांग्ला वेशभूषा में सुसज्जित महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में मत्था टेका। मुरादाबाद से पधारे मुख्य पुजारी गोपीनाथ प्रसाद दास ने राधा कृष्ण की विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना संपन्न कर अष्ट सखियों एवं श्रद्धालुओं संग मंदिर की परिक्रमा की।इसके उपरांत भक्तिमय वातावरण में ढोल नगाड़ों और हरिनाम संकीर्तन के मधुर स्वर के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा से लगातार दो दिन और दो रात अखंड हरिनाम संकीर्तन का गायन करेंगी।इस पावन अवसर पर ग्राम प्रधान वितिका मिस्त्री, दिलीप मिस्त्री, कुशल गोलदार, आकाश हालदार, विष्णु वैद्य, शेफाली मंडल, शोभा दास, कालीपद मंडल,



लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित पावन स्थल तक पहुंची, जहां मां गंगा की आरती कर विधिपूर्वक कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात यह पवित्र जल मंदिर लाकर स्थापित किया गया। सायंकाल अधिवास कार्यक्रम विधि पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा एवं समर्पण भाव से भाग लिया। कीर्तन कमेटी के अध्यक्ष जयंत मंडल ने जानकारी दी कि विभिन्न क्षेत्रों से आई पांच कीर्तन मंडलियां बृहस्पतिवार प्रात: विश्वनाथ मंडल, कृष्णपद साना, गणेश वैद्य, सुकुमार मंडल, दीपक सरकार, टोमस साना, श्रीकांत विश्वास, सुभाष गोलदार, निर्मल गईन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का भी सशक्त माध्यम बन रहा है। अखंड कीर्तन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

**संसद में महिला आरक्षण....**को लाभ पहुँचाने की रणनीति है। विपक्ष ने विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों के हाशिए पर जाने की आशंका जताई है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्ग्श पर पोस्ट कर भाजपा की योजना को खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बिल परिसीमन आयोग को अत्यधिक शक्तियां देता है, जिससे सरकार अपने लाभ के अनुसार लोकसभा सीटों का बंटवारा कर सकती है। अनुमान है कि परिसीमन के बाद लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़कर 815 तक पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर नवीन पटनायक की बीजद और के. चंद्रशेखर राव की बीआरएस जैसी क्षेत्रीय पार्टियों ने भी अपना रुख कड़ा कर लिया है। दूसरी ओर, सरकार ने पर्याप्त संख्या बल होने का दावा किया है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने के सिद्धांत पर सभी दल एक साथ हैं और सरकार इस ऐतिहासिक कदम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आश्वस्त है। फिलहाल, परिसीमन के आधार और जनगणना के आंकड़ों के इस्तेमाल को लेकर संसद में तीखी बहस होने के आसार हैं।

**आईजी रिधिम अग्रवाल ....** बिना किसी वैध दस्तावेज के रखे गए 20 ब्यूप्रेनोरफिन आईपी इंजेक्शन, 113 ट्रामाडोल कैप्सूल और 360 एल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुई, जो युवाओं की नसों में जहर घोलने के लिए अवैध रूप से संग्रहित की गई थीं।नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने वाले इस मेडिकल स्टोर पर कानून का कड़ा प्रहार करते हुए ड्रग इंस्पेक्टर ने तत्काल प्रभाव से स्टोर को सीज कर दिया है। ड्रग एक्ट के नियम 65 के उल्लंघन में हुई इस कार्रवाई के बाद अब संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया तेजी से अमल में लाई जा रही है। आईजी रिधिम अग्रवाल ने इस सफलता के बाद पूरे परिक्षेत्र के ड्रग माफियाओं को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि नशे के विरुद्ध यह जंग केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक सतत और निर्णायक युद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि हर जनपद में संदिग्ध ठिकानों और बॉर्डर क्षेत्रों में कड़ी निगरानी व छापेमारी जारी रखी जाए ताकि देवभूमि की पवित्रता को इन तस्करों के हाथों दूषित होने से बचाया जा सके।

**आंख के ऑपरेशन के बाद...**जानकारी दी। जब राजपाल की हालत बिगड़ने लगी, तो परिजन आनन-फानन में उसे ठंडी सड़क स्थित एक अन्य निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।राजपाल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि गलत उपचार या लापरवाही के कारण उनके भाई की जान गई है। मृतक अपने पीछे आठ बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है, जिनके सामने अब जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा, जिसके बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**गैस के लिए फिर हंगामा...**व रविवार दो दिन के अवकाश के कारण व्यवस्थाओं में व्यवधान पैदा हुआ था। अब व्यवस्थायें धीरे धीरे पटरी पर आ रही है। उनका कहना था कि उपभोक्ताओं को उनके घरों में ही सिलेंडर पहुंचाये जायेंगे। इस दौरान वहां मौजूद भारी संख्या में उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधक और ठेकेदार को जमकर खरी खोटी सुनाई।

**नाम बदलकर बिरयानी...**राइडर का पीछा किया तो वह कोतवाली के पास त्रिशूल चौक के सामने स्थित सीरगोटिया के एक इंडियन रेस्टोरेंट से डिलीवरी ला रहा था। जब इस संबंध में दुकानदार से पूछा तो उसका कहना था कि उसने अपनी दुकान का नाम सौरभ रेस्टोरेंट नाम से कंपनी के ऐप पर दर्ज कराया है। इस दौरान मौके पर दोनों पक्षों के बीच जमकर बवाल हुआ। हाथापाई की नौबत आ गई। मौके पर हिंदूवादी संगठनों के कई लोग भी आ गए। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी युवक को पूछताछ करने के लिए अपनी हिरासत में लिया है। वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।

**घर के बाहर खड़ी कार ....**रात कार से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में वह आग की लपटों से घिर गई। आग लगती देख कॉलोनी के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी अतर सिंह राणा के नेतृत्व में टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। आग इतनी भयावह थी कि कार का पेट्रोल टैंक फटने का खतरा बना हुआ था, जिसे दमकल कर्मियों ने अपनी तत्परता से बचा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।फायरमैन अतर सिंह राणा ने बताया कि यह कार मंगलौर निवासी फहीम की थी, जो अपने दोस्त के घर के बाहर वाहन खड़ा करके गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि उसे आसपास के घरों और अन्य वाहनों तक फैलने का खतरा पैदा हो गया था, जिसे समय रहते रोक लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।कार मालिक फहीम ने मौके पर पहुंचकर अपनी कार की हालत देखी तो उनके होश उड़ गए। हालांकि आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को आग की वजह माना जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर वाहनों की समय पर तकनीकी जांच और रखरखाव की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

**गेहूं काट रही किशोरी पर ...**गुलदार ने ज्योति पर हमला बोल दिया। किशोरी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद गुलदार उसे लहूलुहान कर जंगल की ओर भाग गया। आनन-फानन में परिजन घायल किशोरी को उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट लेकर पहुंचे।उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. विराज राठी ने बताया कि गुलदार ने किशोरी के गले और मुंह पर गहरे घाव किए हैं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद किशोरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर (जिला अस्पताल) रेफर कर दिया गया है। वर्तमान में घायल छात्रा की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने लोहाघाट अस्पताल पहुंचकर घायल ज्योति और उसके परिजनों से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को किशोरी के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए और पीड़ित परिवार को शासन की ओर से हर संभव आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही, उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल के पास तत्काल पिंजरा लगाने और प्रभावित इलाके में गश्त बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए हैं ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया ....**की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत का समन्वय किया गया है, जो इसे विशिष्ट बनाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बहुउद्देशीय भवन लोक सेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा तथा प्रशासनिक कार्यों के कुशल एवं प्रभावी निष्पादन में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोक भवन परिसर में विकसित की जा रही यह बहुउद्देशीय अवसंरचना सुशासन एवं सेवा प्रदान करने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न विभागों एवं सुविधाओं के उपलब्ध होने से प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा तथा नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किए जाने से न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों एवं कारीगरों को भी प्रोत्साहन देगा। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री कौशल किशोर शुक्ल, उप सचिव श्री लक्ष्मण राम आर्य, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री नीरज त्रिपाठी, सहायक अभियंता श्री दिवाकर धस्माना, अपर सहायक अभियंता अमित सेमवाल सहित लोक भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

## भंडारा वितरण का सेवा अभियान जारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा नेता एवं अधिवक्ता प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में लगातार जनसेवा का अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन जरूरतमंद, श्रमिक, राहगीरों एवं असहाय लोगों के लिए भंडारा वितरण का आयोजन किया जा रहा है। सेवा कार्य प्रारंभ करने से पूर्व श्री हनुमान जी एवं भगवान शंकर-पार्वती जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त समाज की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण की कामना की जाती है। प्रमोद



मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि जनसेवा ही हमारा परम धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इस अभियान में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, सहयोगी एवं आम नागरिक सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति वर्मा, कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, अमित मित्तल, निखिल चंडोक, नितिन अग्रवाल,श्रीओम अग्रवाल,अनुज अग्रवाल, एडवोकेट मनीष मित्तल, एडवोकेट पूजा मित्तल, शिवांश अग्रवाल, सुनील पचौरी, अंकित शर्मा, अनुराग शर्मा, सुधीर डागर,उदय वार्ष्णेय सहित अन्य गणमान्य लोगउपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'कांग्रेसियों' पर अपनों ने ही लगाया 'चुनावी धांधली' का आरोप

**युवा कांग्रेस के चुनाव में धांधली पर युवा कांग्रेसियों का फूटा असंतोष,निष्पक्ष सांगठनिक चुनाव कराने के कांग्रेसी दावे की खुली पोल,एसएसपी अल्मोड़ा को सौंपा गया वोटर आईडी से छेड़छाड़ का शिकायत पत्र**

-अर्श-

अल्मोड़ा। देश में होने वाले विभिन्न चुनावों में अक्सर ही चुनावी धांधली का रोना रोने वाली कांग्रेस पार्टी, युवक कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव में स्वयं ही चुनावी धांधली के आरोप से घिर गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय युवक कांग्रेस द्वारा उत्तराखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम अभी हाल में ही घोषित किए गए हैं, लेकिन चुनाव के नतीजे सामने आते ही उत्तराखंड युवा कांग्रेस में विवाद भी शुरू हो गया है। दरअसल, अल्मोड़ा से जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शुभांशु रौतेला ने इस समूची चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया है। शुभांशु के अनुसार युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव में न केवल वोटों की गिनती में गड़बड़ी हुई है, बल्कि वोटर आईडी के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने इस संबंध में पहले ही एसएसपी अल्मोड़ा को एक शिकायत पत्र सौंप सौंपने का दावा भी किया है । शुभांशु का आरोप है कि सांगठनिक चुनाव में कई मतदाताओं की एपिक डिटेल कॉपी कर, उसमें किसी अन्य व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी तरीके से वोट डलवाए गए हैं । उनके अनुसार जांच के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें जिस आईडी से वोट डाला गया, उस आईडी धारक की निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर वास्तविक उम्र 70 साल से ज्यादा पाई गई है। इस खुलासे के बाद संगठन के भीतर निष्पक्ष चुनाव कराने के कांग्रेसी दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। अल्मोड़ा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे शुभांशु रौतेला ने सांगठनिक चुनाव में हुई धांधली को उजागर करते हुए बताया, कि जब युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान रहा था,




तब उनकी टीम नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर रही थी, लेकिन इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग चुनिंदा गांवों और होटल मैनेजमेंट संस्थानों में जाकर आम लोगों को निशाना बना रहे हैं। आरोप लगाया कि ये लोग खुद ही आईडी कार्ड उपलब्ध करा रहे थे। जांच के दौरान हमारे हाथ कुछ ऐसी आईडी लगीं, जिन्हें पहली नजर में देखने पर ही उनके फैब्रिकेटेड या डुप्लीकेट होने का साफ पता चल रहा था। वे ओरिजिनल आईडी की तस्वीरें नहीं थीं। शुभांशु के अनुसार इस फर्जीवाड़े का सबसे गंभीर पहलू वोटर कार्ड के एपिक नंबर से जुड़ा है। जांच में पाया गया है कि कार्ड पर दर्ज एपिक नंबर तो असली थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी दर्ज हैं। लेकिन डेटा के साथ छेड़छाड़ कर उनकी उम्र बदल दी गई। दरअसल, इलेक्शन कमीशन की साइट पर जो वोटर 77 साल का दर्ज है, उसे फोटो एडिटिंग के जरिए कार्ड पर 35 साल का दिखाकर वोट डलवाया गया। हालांकि, इस तरह का खेल करके एक दो नहीं बल्कि हजारों फर्जी वोट डलवाए गए।शुभांशु ने आगे बताया कि, उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी तब लगी, जब वो अल्मोड़ा के तमाम क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर रहे थे। उनके अनुसार अल्मोड़ा छोटा शहर है और वहां ऐसी बातें ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकती। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि कुछ लोग उनके पास आए थे, जिनके पास पहले से ही वोटर आईडी कार्ड थे। उन्हें मतदाताओं से आईडी नहीं चाहिए थी, वे सिर्फ उनका फोन नंबर और ओटीपी मांग रहे थे।इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए शुभांशु ने एसएसपी अल्मोड़ा को पहले ही लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। हालांकि, उनका आरोप है कि मामला सामने आने के बाद ही उनकी पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। जबकि उन्होंने इस धांधली से संबंधित पूरा घटनाक्रम सबूतों के साथ पार्टी के आलाकमान और बड़े नेताओं को ईमेल के जरिए प्रेषित कर दिया है। बावजूद इसके इस मामले कोई एक्शन नहीं लिया गया, क्योंकि इस मामले के सामने आने के बाद पार्टी की छवि धूमिल होगी। वहीं इस समूचे मामले पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का कहना है कि कि, उन्हें इस मामले की पुरी जानकारी नहीं है ,लेकिन अगर किसी को इस तरह की जानकारी है तो वो कांग्रेस पार्टी के हेड क्वार्टर में तथ्यों के साथअपनी बात रख सकता है।

## सड़कों में जानलेवा गड्ढे ,जिम्मेदारों को हादसों का इंतजार



सितारगंज( उद संवाददाता)। मुख्य सड़कों पर पानी के लीकेज और पानी के कनेक्शन के गड्ढे जिम्मेदारों ने पाटे नहीं हैं। शहर का व्यस्तम अमरिया चौराहा, धार्मिक आस्था का केंद्र सनातन धर्म मंदिर और ग्राम थारूतीसौर के शुक्लाफार्म में मार्ग में बने गड्ढे बड़े हादसों को दावत दे रहे हैं। तीनों ही स्थान यातायात के नियम से अत्यंत व्यस्त मार्ग हैं। लोक निर्माण विभाग ने जल संस्थान जल निगम को गड्ढे पाटने के लिए पत्राचार भी किया हैं। लेकिन जिम्मेदार हादसों का इंतजार करते दिख रहे हैं। किच्छा मार्ग, अमरिया चौक और नकुलिया मार्ग से थारूतीसौर को जाने वाले मार्ग में धार्मिक स्थल के निकट सड़क में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। जल संस्थान जल निगम के लीकेज और खुदाई के कारण सड़कों के किनारे डामर रोड में गड्ढे बन गए हैं। अमरिया चौक के पास लीकेज होने के कारण गोल सर्कल के पास ही पानी भरा हुआ है। सनातन धर्म मंदिर के पास भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं। थारूतीसौर मार्ग में 5 फीट से अधिक का गड्ढा सड़क के किनारे बन गया है। इस मार्ग में हल्द्वानी, नैनीताल और खटीमा से जुड़े यात्री काफी संख्या में आवागमन करते हैं। सड़क किनारे बने गड्ढे का आमजन को अंदेशा भी नहीं हैं।



## सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में आरएएन स्कूल भूरारानी का दबदबा

**अश्विना ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉप किया, 35 प्रतिशत छात्रों ने प्राप्त किए 90फीसदी से अधिक अंक**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई कक्षा दसवीं के परिणामों में सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सत्र 2025ख26 की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के लिए यह विशेष उपलब्धि रही कि कुल छात्रों में से 35 प्रतिशत ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त, छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने विद्यालय पहुँचकर शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपनी खुशियाँ साझा कीं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी






केवल अपना बल्कि विद्यालय व क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया है।परीक्षा परिणामों के अनुसार, अश्विना अरोड़ा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, हर्षिता पनेरू ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और आवनी बोहरा व नव्या सिंह ने संयुक्त रूप से 97.4 30 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत (100 में से 100) अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा का कुल औसत परिणाम 82 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। प्रबंधन ने विश्वास दिलाया कि आरएएन स्कूल भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास और शैक्षिक उत्कृष्टता केलिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगा।

## गांजा और तमंचों के साथ दो तस्कर दबोचे

**आप्रेशन प्रहार के तहत बाजपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा नशा तस्करों और अवैध असलहा धारियों के विरुद्ध चलाया जा रहा 'ऑपरेशन प्रहार' रंग ला रहा है। इसी क्रम में बाजपुर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2.664 किलोग्राम गांजा, तीन अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 65 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में कोतवाली बाजपुर पुलिस टीम क्षेत्र में सक्रिय थी। 14 अप्रैल को चेकिंग के दौरान लेवडा नदी तिराहे के पास पुलिस टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान सेरान अन्सारी पुत्र मुरसलीन अहमद और मौ0 अबूजर पुत्र मौ0 विलाल, दोनों निवासी खताड़ी, रामनगर के पास से



अवैध नशा और हथियार बरामद हुए। पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली बाजपुर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों अभियुक्तों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त मौ0 अबूजर के खिलाफ पूर्व में भी अल्मोड़ा जनपद के थाना भतरोजखान में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी, उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह परिहार, कैलाश नगरकोटी, जगदीश कोठियाल और कांस्टेबल मौ0 इरफान शामिल रहे। एसएसपी अजय गणपति ने इस सफलता पर पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अवैध नशे और हथियारों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी ने जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।